Patrika (Indore), 25th July 2023, Page – 03

### पीजी और पीएचडी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

# ऑटोमोबाइल उद्योग व रक्षा संस्थान कर्मियों के लिए आइआइटी के प्रोग्राम शुरू

**इंदौर @ पत्रिका.** आइआइटी इंदौर ने इस सत्र से एमटेक के दो नए प्रोग्राम शुरू किए हैं। येऑटोमोबाइल उद्योग और रक्षा संस्थान के कर्मियों के लिए हैं। इस वर्ष मौजूदा 9 प्रोग्राम के अलावा इंदौर आइआइटी ने 6 नए प्रोग्राम भी शुरू किए, जिनमें एमटेक के दो प्रोग्राम शामिल हैं। 24 जुलाई को आइआइटी में नए पीजी और पीएचडी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित हुआ।

इस साल शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के विभिन्न प्रोग्राम में लगभग 417 विद्यार्थियों ने आइआइटी इंदौर में प्रवेश लिया है। इसमें पीएचडी के 130, एमएससी के 113, एमटेक के 135, एमएस (रिसर्च) के 39 विद्यार्थी शामिल हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. सुहास एस जोशी ने सभी नए विद्यार्थियों को बधाई देने के साथ आइआइटी इंदौर परिवार को संबोधित किया।

**यह बोले निदेशक:** निदेशक जोशी ने कहा, आइआइटी इंदौर में शिक्षा को सर्वांगीण रूप देने के लिए कई नए प्रोग्राम डिजाइन किए हैं। साथ ही नए पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं तथा शिक्षण और अध्ययन के नए तरीके की शुरुआत की जा रही है। एमटेक प्रोग्राम की संख्या में विस्तार कर रहे हैं। 2 नए एमटेक प्रोग्राम विशेष रूप से ऑटोमोबाइल उद्योग और रक्षा संस्थान के कर्मियों के लिए डिजाइन किए हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को परिसर के अध्ययन के अनुकूल परिवेश का उपयोग करना चाहिए। ऐसी परियोजनाओं और शोध पर कार्य करना चाहिए जो सबसे अलग हों, निचले स्तर के लोगों की समस्याओं का तकनीकी समाधान प्रदान करते हों।